भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 610
जिसका उत्तर दिनांक 01.12.2021 को दिया जाना है

लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशन-वेव ऑब्जर्वेटरी (एलआईजीओ)

610. श्री जगदम्बिका पाल :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशन-वेव ऑब्जर्वेटरी (एलआईजीओ) के लिए अधिग्रहित भूमि का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इसके अंतर्गत अनुसंधान तथा विकास के लिए कितनी निधि देने की प्रतिबद्धता जताई गई है;

(ख) महत्वाकांक्षी एलआईजीओ परियोजना की मेजबानी के लिए स्थापित की जाने वाली संभावित अवसंरचना का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने मेगा-साइंस परियोजना के आसपास के स्थल को विकसित करने के लिए कोई योजना प्रस्तावित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन के लिए वित्तीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या परियोजना के पूरा होने में कोई विलंब हुआ है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसके पूरा होने की अनुमानित तिथि क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में औंध में "L" आकार वाले कन्फिगरेशन (जहां L की प्रत्येक भुजा लम्बाई में 4 किलोमीटर है) में लगभग 174 हेक्टेयर भूमि लिगो-भारत परियोजना के लिए अर्जित की गई है । सरकार ने लिगो-भारत परियोजना की पूर्व-निवेश गतिविधियों के लिए रूपए 79.85 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई है ।

(ख) परियोजना के लिए भूकंपीय दृष्टि से कम शोर वाली साइट की पहचान, अर्जन और विकास अपेक्षित है और उसके बाद सिविल सुविधा का निर्माण किया जाएगा जो पंप, पंखे, एचवीएसी इत्यादि जैसे सभी कंपन स्रोतों का समाधान करने के लिए उचित रूप से अभिकल्पित 4 किलोमीटर आर्म लम्बाई के इन्टरफेरोमीटर संसूचक की हाउसिंग के लिए आवश्यक है ।

(ग) तथा (घ) जी, नहीं ।

(ङ) तथा (च) परियोजना के पूर्ण होने में कोई विलंब नहीं है । पूर्व-निवेश गतिविधियां पूरी कर ली गई है और परियोजना के लिए उपयुक्त स्थल अर्जित कर लिया गया है । परियोजना के पूर्ण होने के लिए अनुमानित अवधि, मंजूरी की तारीख से 7 वर्ष है ।

* * * * *